


# नारायणा धाम में 251 क्विंटल फूलों से खेली होली

▸ **भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की तपोभूमि पर फाग यात्रा में उमड़ा जनसैलाब**

**उज्जैन।** जिस स्वर्णगिरी पर्वत पर भगवान श्री कृष्ण और सुदामा ने लकड़ियां लाकर नारायणा धाम में रखी थीं, वहां की पारंपरिक फूलों की होली एक बार फिर धूमधाम से मनाई गई। इस वर्ष श्रद्धालुओं ने अपने द्वारा लाए गए 251 क्विंटल फूलों के साथ होली खेली। इस आयोजन में विशेष रूप से स्वर्णगिरी पर्वत से लाए गए पलाश के फूल शामिल थे। फाग उत्सव में देशभर के कई राज्यों से आए श्रद्धालुओं के साथ जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।

**पलाश के फूल लेकर पहुंचे पीठाधीश्वर:** स्वर्णगिरी पर्वत के पीठाधीश्वर महेंद्रगिरी महाराज वर्षों की परंपरा का निर्वहन करते हुए पलाश के फूल लेकर नारायणा धाम पहुंचे। इससे पूर्व, ग्राम चरणमया चिरमिया स्थित मुखारविंद पर सुबह मुख्य पुजारी पं. प्रेमनारायण शर्मा द्वारा भगवान श्री स्वर्णगिरीराज का विशेष अभिषेक किया गया। भक्तों द्वारा रंग-गुलाल और पलाश के पुष्प अर्पित करने के बाद, पीठाधीश्वर महेंद्रगिरी महाराज एक टोकरी में फूल लेकर ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ पैदल यात्रा करते हुए सुबह लगभग 9 बजे नारायणा धाम पहुंचे। जिसके बाद फूलों की होली विधिवत प्रारंभ हुई।



**पुष्प वर्षा के साथ निकली फाग यात्रा:** सुबह लगभग 9.30 बजे नारायणा धाम से ध्वज यात्रा और होली उत्सव चल समारोह शुरू हुआ। इस भव्य यात्रा में हाथी, घोड़े, ऊंट, बैंड-बाजे, नृत्य करती कलाकार मंडलियां और अखाड़े शामिल हुए। यात्रा के दौरान तोपों से रंग-गुलाल और फूलों की भारी बौछार की गई। संपूर्ण गांव में भ्रमण करते हुए फाग यात्रा वापस मंदिर पहुंची। ग्रामवासियों ने जगह-जगह मंच लगाकर पुष्प वर्षा से यात्रा का स्वागत किया और जलपान के साथ पोहे-जलेबी के अल्पाहार की व्यवस्था की।

**भक्तों को किया महाप्रसादी का वितरण**

मंदिर के मुख्य द्वार पर पहुंचने पर पांच पंडितों द्वारा ध्वज और लड्डू गोपाल की पंच आरती की गई। इसके पश्चात ध्वजारोहण के लाभार्थी मंगलनाथ मंदिर के पुजारी महंत जितेंद्र भारती और जया भारती के चरण पखार कर और तिलक लगाकर उनकी अगवानी की गई। दोपहर करीब 2 बजे मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में चने और चावल की प्रसादी का वितरण किया गया एवं विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।

# मास्टर प्लॉन सड़क निर्माण का महापौर ने किया निरीक्षण



**इंदौर. सोमवार को अटल द्वार से वीर सावरकर प्रतिमा तक निर्माणाधीन सड़क का महापौर ने निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को अटल द्वार से बैरवा समाज धर्मशाला तक सड़क पेंचवर्क करने के निर्देश दिए.**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा आज वीर सावरकर प्रतिमा से अटल गेट तक निर्माणाधीन मास्टर प्लान सड़क का दौरा किया गया. उक्त सड़क 1.31 किलोमीटर लंबी और 60 फीट चौड़ी बनेगी. सड़क की निर्माण लागत 10.76 करोड़ रुपए बताई जा रही है. महापौर भार्गव ने निर्माणाधीन मार्ग में बाधक अतिक्रमण एवं अन्य निर्माणों को जारी नोटिसों की समीक्षा की. अधिकारियों से कहा कि सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए समयबद्ध कार्रवाई की योजना बना लें. उन्होंने बताया कि उक्त मार्ग शहर के यातायात दबाव को कम करने में सहायक होगा. महापौर ने अटल द्वार से बैरवा समाज धर्मशाला तक सड़क पर यातायात असुविधा को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य पूरा होने तक रिपेयर कार्य किया जाए, जिससे यातायात सुगम हो सके. इस दौरान जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, सहायक यंत्री नरेश जायसवाल और विभाग के अधिकारी मौजूद थे.

## एक नजर में

### दिगंबर जैन जैसवाल सोशल मंच का फाग महोत्सव

**इंदौर .** होली के अवसर पर दिगंबर जैन जैसवाल सोशल मंच द्वारा रंगारंग फाग महोत्सव का आयोजन बोड़ाना गार्डन, ग्रेटर बाबा परिसर, एरोड्रम रोड पर आयोजित किया गया . जानकारी देते हुए मंच के अध्यक्ष राकेश जैन ने बताया कि इंदौर शहर के प्रसिद्ध भजन गायक दिनेश चौधरी जी व राधा कृष्ण जी की झांकी के द्वारा फाग भजनों का ऐसा समां बांधा गया कि मंच के प्रत्येक सदस्य झुमने व नाचने पर विवश हो गये . इस अवसर पर दो क्विंटल से ज्यादा फुलों से राधा कृष्ण के साथ होली खेली गई . मंच के सदयगण ने बरसाने की प्रसिद्ध लठ मार होली भी अपनी सखियों के साथ खेली . सबसे आकर्षक डांस करने वाले सदस्यों को प्रवीण दिपिका जैन, विशाल-शिवांगी के द्वारा पुरस्कृत किया गया . मंच के शैलेश जैन ने बताया कि मंच हर वर्ष फाग महोत्सव का आयोजन करता है इस वर्ष भी इस आयोजन में मंच के सदस्यों ने बड़े हर्ष के साथ सहभागिता प्रदान की . फाग महोत्सव का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी के फोटो के सामने मंच के सभी पूर्व अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया . मंच के सदस्यों के बच्चों ने मंगलाचरण नृत्य की प्रस्तुत दी, भजन गायक टीम का सम्मान मंच कार्यकारिणी के द्वार किया गया . कार्यक्रम का संचालन अंशुल जैन, श्वेता जैन सचिन जैन के द्वारा किए गया . आभार मंच सचिव ललित डोटीया ने माना .

### श्मसान घाट पर चलाया सफाई अभियान

**इंदौर .** महाराष्ट्र भूषण डॉक्टर नाना साहेब धर्माधिकारी की जन्म शताब्दी के शुभ अवसर पर संपूर्ण भारत देश में सेवा संकल्प अभियान के तहत इंदौर शहर के सभी सेवकों द्वारा मालवा मिल शमशान घाट पर साफ सफाई अभियान का कार्य किया गया . संस्था के करीब 100 सदस्यों के द्वारा सफाई महा अभियान शुरू किया . श्मशान घाट की साफ सफाई देखकर क्षेत्रीय पार्षद गजानंद गावड़े ने प्रशंसा कर सभी सेवको को बधाई दी और प्रशंसा पत्र संस्था को दिया गया .

### सामाजिक संस्थाओं ने बच्चों संग मनाई सार्थक होली

**महू .** नगर की सामाजिक संस्थाओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर जरूरतमंद बच्चों संग रंगों का महापर्व होली हर्षोल्लास के साथ मनाया . संस्था सामाजिक विचार मंच, रोटरी क्लब, उत्कर्ष सामाजिक उत्थान समिति और रोटरी क्लब ऑफ महू कैंट के संयुक्त प्रयास से मांगलिया के ग्राम बोरखेड़ी में पहुंचकर संस्थाओं के पदाधिकारियों और सदस्यों ने ग्रामीण बच्चों को पिचकारी, रंग-गुलाल, गुब्बारे, दूध और बिस्किट के पैकेट वितरित किए . संस्था के सभी सदस्यों द्वारा ग्रामीण बच्चों संग रंग और गुलाल खेलकर बच्चों को होली का महत्व भी बताया गया . कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय और एडवोकेट मनीष जायसवाल उपस्थित थे . विशेष अतिथि के रूप में डॉ . सुरेश चौहान, वीरेंद कोगे और बीरबल डाबर मौजूद रहे . अध्यक्षता शैलेन्द्र शुक्ला, रमेश राही और डॉ . योगिता जौहरी द्वारा की गई . इस अवसर पर अनिल नरवल, डॉ . लक्ष्मी खंडेलवाल, प्रदीप नीम, आशीष जैन, विजय परदेशी, अंजली श्रीवास्तव, संयम सिकरवार, विभु जायसवाल आकाश राठौर, प्रफुल्ल जौहरी आदि भी मौजूद थे . संचालन पायल परदेशी ने किया . आभार मनीष श्रीवास्तव ने व्यक्त किया .

### इंदौर इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का आयोजन 6 से

**इंदौर .** शहर में एक बार फिर व्यापार और संस्कृति का भव्य संगम होने जा रहा है . गुप्ता इवेंट मैनेजमेंट द्वारा आयोजित इंदौर इंटरनेशनल ट्रेड फेयर-2026 का आयोजन 6 से 16 मार्च तक लाभगंगा एग्जीबिशन सेंटर, इंदौर में किया जाएगा . इस वर्ष आधुनिक एसी पवेलियन तैयार किए गए हैं, ताकि प्रदर्शकों और आगंतुकों को आरामदायक अनुभव मिल सके . आयोजक सुजीत गुप्ता, वीर बहादुर सिंह, देव प्रजापति ने बताया किे ले में भारत के 22 राज्यों और 10 देशों की भागीदारी रहेगी . राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगेगी . प्रदर्शनी में कश्मीर से लेकर दक्षिण भारत तक का फर्नीचर, सोफा सेट, डाइनिंग सेट, हैंडीक्राफ्ट और हैंडलूम उत्पाद उपलब्ध रहेंगे . अफगानिस्तान के ड्राई फ्रूट्स, ईरान के खजूर, थाईलैंड की ज्वेलरी और फुटवियर, कोरियन लेडीज एक्सेसरीज़, एंटीक मेटल और स्टोन ज्वेलरी, दुबई के परिधान, सिंगापुर के विशेष वॉल फ्रेम्स सहित देश-विदेश के कई आकर्षक उत्पाद एक ही छत के नीचे देखने को मिलेंगे . इसके अलावा पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों के लेदर प्रोडक्ट्स, खादी और कुर्तियां, भागलपुर की साड़ियां, जयपुर- के खास वस्त्र और संबलपुर के वस्त्र भी इस मेले की खास पहचान होंगे . ब्यूटी एक्सेसरीज़, इलेक्ट्रॉनिक्स और इंटरनेशनल फूड स्टॉल्स भी आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण रहेंगे .

### फतेहपुरिया समाज का फाग एवं म्यूजिकल तम्बोला

इंदौर . मल्हारगंज थाने के पास स्थित फतेहपुरिया समाज भवन पर रंगोत्सव के उपलक्ष्य में फाग एवं म्यूजिकल तम्बोला का रंगारंग आयोजन किया गया जिसमें समाज के करीब 450 महिला, पुरुषों एवं बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया . होली और फाग गीतों से सजे म्यूजिकल तम्बोला की मस्ती में सभी उम्र के समाज बंधु डूबे रहे . इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों, कैलाश बिदासरिया, सीके अग्रवाल, देवकीनंदन सिंघानिया, बासु टिबडेवाल, हुकमचंद अग्रवाल, सज्जन गर्ग, सतीश चौधरी, मुरारीलाल पालडीवाल, प्रवीण मुरारका सहित कार्यकारिणी के सदस्यों ने सभी समाज बंधुओं का आत्मीय स्वागत किया और विजेताओं को पुरस्कृत किया . करीब 3 घंटे चले इस आयोजन में समाज के लगभग सभी सदस्य परिवारों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी भागीदारी दर्ज कराई .

### 'द वन एंड ओनली' कैंपेन लॉन्च

**उज्जैन .** ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने अपना नया कैंपेन 'द वन एंड ओनली' लेकर आया है- सफलता की एक नई और प्रभावशाली कहानी . आज के समय में, जब सफलता के कई रूप दिखाई देते हैं और प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है, तब ब्रांड एक सरल सच सामने लाता है . इस नए कैंपेन में इस भावना को तीन चेहरों ङ्क अवंती नगरथ, किरनदीप चहल और माहका शर्मा- के जरिए दिखाया गया है । ये तीनों ब्रांड के अलग-अलग पहलुओं को दर्शाती हैं . देबाश्री दासगुप्ता, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, पर्नोड रिकार्ड इंडिया ने कहा, ब्लेंडर्स प्राइड हमेशा स्टाइल और प्रतिष्ठा के साथ सफलता की ताकत पर विश्वास करता रहा है . 'द वन एंड ओनली' सफलता की एक नई सोच पेश करता है, जो अलग पहचान से प्रेरित है . यह उस सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को उजागर करता है कि आज भारत का महत्वाकांक्षी युवा केवल सफल होना ही नहीं चाहता, बल्कि आत्मविश्वास के साथ अलग पहचान भी बनाना चाहता है . सफलता की इसी नई सोच के साथ ब्लेंडर्स प्राइड युवाओं की प्रबल आकांक्षाओं को दर्शाता है और एक प्रेरणादायक सांस्कृतिक लीडर के रूप में अपनी पहचान और मजबूत करता है .

**विज्ञान में नारी शक्ति**

# परंपरा से प्रगति तक विषय पर प्रेरक और ज्ञानवर्धक व्याख्यान

**उज्जैन।** शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के सहयोग एवं डॉ. भावना नागर के संयोजन में विज्ञान में नारी शक्ति परंपरा से प्रगति तक विषय पर एक प्रेरक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं महाविद्यालय के कीर्तिगान से हुआ, जिससे संपूर्ण वातावरण श्रद्धा एवं उत्साह से आलोकित हो उठा।

अतिथि स्वागत के पश्चात मुख्य अतिथि डॉ. निश्चल यादव ने अपने उद्बोधन में भारतीय एवं विश्व की अनेक प्रसिद्ध महिला वैज्ञानिकों की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित विभिन्न शासकीय योजनाओं और अवसरों की जानकारी देते हुए छात्राओं को अनुसंधान एवं नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट वक्ता डॉ. रेखा खन्ना ने अपने वक्तव्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण से मानव ऊर्जा के मूल स्रोत के रूप में मातृ-डीएनए कोशिकाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा नारी की सृजनात्मक शक्ति को वैज्ञानिक आधार से जोड़ा।



महाविद्यालय की पूर्व प्राध्यापक डॉ. अमिता सिंघल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें महान वैज्ञानिक सी. वी. रमन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक जिज्ञासा, निरंतर परिश्रम और समर्पण ही सफलता की कुजी है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि नारी ने परंपरा से ही प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने भावपूर्ण शब्दों में कहा—नारी ने सूत्र संभाले तो जीवन हुआ विज्ञान, औषधि की हर पत्ती में उसने ज्ञान का दीपक जलाया है। इस अवसर पर विज्ञान संकाय की छात्राओं द्वारा आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई, जिसमें विविध वैज्ञानिक अवधारणाओं एवं नवाचारों का सुंदर प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर मोनिका परमार ने अतिथि परिचय दिया तथा डॉ. मधु खंडेलवाल ने विज्ञान संकाय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉ. एकता दूबे ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. भावना नागर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालयीन परिवार एवं बड़ी संख्या में छात्राओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। यह आयोजन नारी शक्ति की वैज्ञानिक परंपरा और उसकी प्रगतिशील भूमिका को रेखांकित करने में पूर्णत: सफल रहा।

# धधकते अंगारों पर निकले लोग मठ मंदिर पर चूल का आयोजन



**घट्टिया।** होली पर्व मंगलवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। सोमवार रात्री में 20 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन किया गया। मंगलवार सुबह गाव गैर का आयोजन कर गमी वाले घरों पर रंग गुलाल करने पहुंची। शाम को नगर के मध्य स्थित मठ मंदिर पर 21 फीट लम्बी चूल का आयोजन किया गया। मन्नतें पूरी होने पर लोगों ने धधकते अंगारों पर नंगे पैर चलकर मन्नत पूरी कर शिव भगवान का पूजन अभिषेक किया।

# गोपाल मंदिर में 8 मार्च को रंगपंचमी पर होगा रापट रोलिया

**उज्जैन।** रंगपंचमी के अवसर पर 8 मार्च को कृष्ण के आंगन गोपाल मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी मालवी रापट रोलिया का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 8 बजे से शुरू होकर दोपहर 2 बजे तक चलेगा।

कार्यक्रम में शहरवासी मथुरा-वृंदावन की तरह पारंपरिक होली का आनंद लेंगे। कार्यक्रम संयोजक जयंत सिंह गौर ने बताया कि इस बार कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में होगी। सुबह 8 से 8.30 बजे के बीच मुख्यमंत्री के साथ सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक सतीश मालवीय, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम सभापति कलावती यादव, महापौर मुकेश टटवाल कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर इसका शुभारंभ करेंगे। अतिथियों द्वारा विधिवत शुरुआत कराने के बाद मुख्य कार्यक्रम शुरू होगा।

**नगर गेर का होगा भव्य स्वागत**

जेकी ठाकुर ने आगे बताया कि इस रंगपंचमी उत्सव में देसी टमाटर, मुल्तानी मिट्टी और फूलों के रंगों का विशेष उपयोग किया जाएगा। दोपहर 2 बजे तक मंदिर प्रांगण में आने वाली सभी गेर का स्वागत किया जाएगा, जिसमें मुख्य रूप से नगर गेर का भी भव्य स्वागत होगा। इस संपूर्ण आयोजन में श्री सिंधिया देव स्थान ट्रस्ट एवं गोपाल मंदिर प्रशासन का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि एक दशक पहले रंगपंचमी पर मालवी रापट रोलिया की पुन: शुरुआत की गई थी। अब बरसों की मेहनत रंग ला रही है।

# पर्यटन स्थलों पर महिला सुरक्षा को लेकर राज्य स्तरीय कार्यशाला

▸ **उज्जैन की टीम ने किया प्रभावी प्रतिनिधित्व**

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के पर्यटन स्थलों को महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और विश्वासपूर्ण बनाने के उद्देश्य से भोपाल के होटल पलाश रेसिडेंसी में 26 से 28 फरवरी तक तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड, पुलिस विभाग की महिला सुरक्षा शाखा और यूएन-वूमेन के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के तहत आयोजित इस कार्यशाला में उज्जैन जिले की टीम ने प्रभावी सहभागिता की।

कार्यशाला में प्रदेश के 11 जिलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उज्जैन जिले से पिछले चार वर्षों से इस परियोजना पर काम कर रही संस्था सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च एंड डेवलपमेंट कार्ड की परियोजना समन्वयक अमृता चतुर्वेदी और सर्वोपरी सशक्त नारी क्षेत्र स्तरीय महिला मंडल से नैना मंसूरिया ने जिले का प्रतिनिधित्व किया। पुलिस विभाग की ओर से प्रधान आरक्षक सुरेंद्र तामरे और निरीक्षक आर एस शक्तावत ने भी कार्यशाला में भाग लेकर उज्जैन का प्रभावी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया। दीप प्रज्वलन और पौधारोपण के साथ शुरू हुए इस आयोजन में मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक इलैयाराजा टी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना पर्यटन विकास की आधारशिला है। कार्यशाला के दौरान धार्मिक पर्यटन, ग्रामीण एवं ईको-टूरिज्म, पुरातात्विक स्थल, वन क्षेत्र, साहसिक पर्यटन, हॉस्पिटैलिटी सेक्टर और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर गहन मंथन हुआ। प्रतिभागियों ने पर्यटन ग्राम खारी, केकड़िया, भोजपुर, भीमबेटका, वन विहार, केरवा डैम और बोट क्लब का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं और आधारभूत सुविधाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन भी किया। कार्यशाला के अंतिम दिन विशेष पुलिस महानिदेशक अनिल कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और स्थानीय स्तर पर प्रभावी समन्वय विकसित करने के निर्देश दिए। इस वर्चुअल बैठक में उज्जैन से पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा भी शामिल हुए। कार्यक्रम में गृह विभाग, पुलिस मुख्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, पर्यटन निगम और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन प्रदान कर मध्य प्रदेश को देश का सबसे सुरक्षित पर्यटन स्थल बनाने के संकल्प को दृढ़ किया।



**एक नजर** ▸ **दक्षिण विधानसभा के पंथपिपलई और शांतिनगर में होगा शिविर**

# नि :शुल्क शिविर में हार्ट से संबंधित उपचार और परामर्श ले रहे लोग

**उज्जैन।** पूर्णिमाश्री सेवा संगठन द्वारा जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से आयोजित नि:शुल्क हृदय जांच शिविर अभियान दिल से कहो, अपने मोहन जी हैं न संपूर्ण उज्जैन जिले में निरंतर जारी है। इसमें हजारों नागरिकों ने अपनी हृदय जांच करवाई है एवं हजारों लोगों का नि:शुल्क उपचार निरंतर जारी है। हृदय उपचार अंतर्गत बाईपास सर्जरी, एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं एएसडी क्लोजर जैसे बड़े ऑपरेशन पूर्णत: नि:शुल्क किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में गुरुवार को दक्षिण विधानसभा के पंथपिपलई एवं शांतिनगर में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

अभियान के मुख्य संयोजक एवं भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण खोईवाल ने बताया कि प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से प्रारंभ एवं जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से चलाए जा रहे इस अभियान में उज्जैन जिले की प्रत्येक विधानसभा में आयुष्मान अंतर्गत हृदय जांच हेतु अधिसूचित अस्पतालों के सहयोग से अनेकों शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत अंतर्गत बाईपास सर्जरी, एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं एएसडी डिवाइस क्लोजर जैसे बड़े ऑपरेशन पूर्णतया नि:शुल्क किए जा रहे हैं। साथ ही हजारों नागरिक अपने हृदय से संबंधित उपचार एवं परामर्श का नि:शुल्क लाभ ले रहे हैं।



**गुरुवार को पंथपिपलई एवं शांति नगर में शिविर:** खोईवाल ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार, 5 मार्च को उज्जैन दक्षिण विधानसभा के ग्रामीण अंचल पंथपिपलई में एस.एन. कृष्णा हॉस्पिटल एवं शहरी क्षेत्र शांति नगर में अमलतास सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देवास के सहयोग से शिविर आयोजित किए जाएंगे। अभियान की इस श्रृंखला में 6 मार्च को ग्राम घट्टिया, 7 मार्च को तराना विधानसभा के रूपाखेड़ी एवं उन्हेल के समीप पिपल्यामोलू में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

**लाभ लेने की अपील**

जिलाधीश रोशनकुमार सिंह, सीएमएचओ अशोक कुमार पटेल, पूर्णिमाश्री सेवा संगठन के अध्यक्ष विक्रमसिंह गोंदिया, धर्मेन्द्रसिंह भदौरिया, उज्जैन नगर अभियान संयोजक दीपक अग्रवाल, प्रकाश गोमे, कन्हैयालाल चौहान, विजय द्विवेदी, बाबूलाल पंवार, मनोज मकवाना, विपुल धारीवाल, राहुल डोडिया, हितेंद्र राठौर, विराग मिश्रा, शांतिलाल गोखरू, कांतीलाल परमार, सोनू भाटिया, लाड सिंह गुर्जर, होकम बड़ाल, जितेंद्र परमार, कमल बिलोनीया, अजय मकवाना, नटवर गुर्जर, सुरेन्द्र मेहर, राजेश अहिरवार, महेंद्र गोमे, सुनील मेहर, दिलीप गांगोलिया, जितेंद्र चौधरी, अमृतेश त्रिवेदी, विकास करपरिया, मनोहर गुर्जर, राजदीप चावड़ा, राजेश चौधरी, मनोज नागदेव, कमल चौधरी, अशोक माली, विकास मालवीय, धर्मेन्द्र सोलंकी, लखन परमार, सुभाष चौधरी, अर्जुन गोमे, बद्रीलाल हेरा, पवन मकवाना, चेतन बोरीवाल, विकास बाड़ोलिया, सौरभ चौहान, भूरे खां, मुकेश चंदावत, रमेश परमार, जगदीश पचरंगिया और नारायण पटेल सहित संगठन के सभी पदाधिकारियों ने शिविर में पधारकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील शहरवासियों से की है।